पंजाब केसरी !
04/12/2025

# माइम प्रतियोगिता में बतरा महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

पालमपुर, 3 दिसम्बर (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव समूह-4 थिएटर में माइम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्राचार्य ने सम्मानित किया। प्रदेश भर के 25 महाविद्यालयों की भागीदारी वाली प्रतियोगिता में पालमपुर टीम ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने टीम को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की समर्पण भावना और सृजनात्मकता का परिचायक है। सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि ने छात्रों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की तथा कहा कि यह सफलता निरंतर अभ्यास और मजबूत टीमवर्क का परिणाम है।

इस विजेता टीम में दिशांत, दिव्या, अंशिका, पारस, सनी, आकाश, अभिषेक, मुस्कान, सृष्टि, अमन, अनिका, अदिति और शाम्भवी शामिल रहे। विजेता माइम टीम अब आगामी अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी, जिससे राज्य और महाविद्यालय दोनों का गौरव और बढ़ेगा।



पालमपुर : प्राचार्य प्रो. पंकज सूद के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी। (भृगु)

हिमाचल दस्तक :-
04/12/2025

# पालमपुर कॉलेज को बिलासपुर में मिला प्रथम स्थान

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के छात्रों ने 27 से 30 नवंबर तक राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव (समूह-4 थियेटर) में माइम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रदेशभर के 25 महाविद्यालयों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में पालमपुर टीम ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने टीम को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति पर बधाई दी। सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि ने छात्रों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

दिव्य हिमाचल :- 07/12/2025

जागरूकता | विक्रम बतरा कालेज में नशा निवारण-रेबीज रोधी जागरूकता लेक्चर पर प्राचार्य ने किया आह्वान

# नशे से दूर रहें छात्र, समाज में फैलाएं जागरूकता

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- पालमपुर**



शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में मादक पदार्थ विरोधी अभियान समिति की ओर से नशा निवारण एवं रेबीज रोधी जागरूकता व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने छात्रों को महत्त्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में राकेश भारतीय संयुक्त आयुक्त राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग उत्तर मंडल पालमपुर ने नशा निवारण पर विस्तृत और प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों, उनके दुष्प्रभावों तथा उनसे बचने के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कभी भी प्रयोग के तौर पर भी नशे का सेवन न करें, क्योंकि नशा धीरे-धीरे व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाशकारी साबित होता है। द्वितीय सत्र में डा. मनजीत कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी थुरल ने रेबीज विषय पर जानकारी देते हुए इसके फैलने के प्रमुख कारणों, रोकथाम के उपायों और रेबीज रोधी टीकाकरण के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सुद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवियों, रोवर्स-रेंजर्स तथा अन्य विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें। समाज में जागरूकता फैलाएं और रेबीज से बचाव संबंधी सावधानियों को अपनाएं। इस अवसर पर डा. रमन कुमार चिकित्सा अधिकारी भट्ट, सहायक उपनिरीक्षक शशि पटियाल, आशीष पाल निरीक्षक राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग, डा. अनिता सरोच, डा. राजेश नरियाल, लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा, प्रोफेसर कमलेश, प्रोफेसर पूनम शर्मा, प्रोफेसर अतुल, प्रोफेसर किरण, प्रोफेसर मंजू व प्रोफेसर रानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुचारू मंच संचालन डा. बोविंद्र कटोच ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा, जिससे युवाओं में नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सकारात्मक जागरूकता बढ़ी।

दैनिक जागरण :- 07/12/2025

# पालमपुर कालेज में नशा निवारण के प्रति किया जागरूक



कैप्टन विक्रम बतरा महाविद्यालय में नशा निवारण एवं रेबीज़ रोधी जागरूकता व्याख्यान में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य • सौ महाविद्यालय।

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुरः बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में मादक पदार्थ विरोधी अभियान समिति की ओर से नशा निवारण एवं रेबीज रोधी जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में राकेश भारतीय संयुक्त आयुक्त राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग उत्तर मंडल पालमपुर ने नशा निवारण पर विस्तृत और प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों, उनके दुष्प्रभावों तथा उनसे बचने के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कभी भी प्रयोग के तौर पर भी नशे का सेवन न करें, क्योंकि नशा धीरे-धीरे व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाशकारी साबित होता है।

द्वितीय सत्र में डा. मनजीत कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी थुरल ने रेबीज के फैलने के प्रमुख कारणों, रोकथाम के उपायों और रेबीज रोधी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण और सावधानी बरतकर रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी से पूरी तरह बचा जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवियों, रोवर्स-रेंजर्स तथा अन्य विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें। समाज में जागरूकता फैलाएं और रेबीज से बचाव संबंधी सावधानियों को अपनाएं।

इस अवसर पर डा. रमन कुमार चिकित्सा अधिकारी भट्टू, सहायक उपनिरीक्षक शशि पटियाल, आशीष पाल निरीक्षक राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग, डा. अनीता सरोच, डा. राजेश नरियाल, लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा, प्रोफेसर कमलेश, प्रोफेसर पूनम शर्मा, प्रोफेसर अतुल, प्रोफेसर किरण, प्रोफेसर मंजू, प्रोफेसर रानी, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

407 दैनिक जागरण
12/12/25

# पालमपुर कालेज के छात्रों ने 300 किलो कचरा एकत्र किया

लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा और प्रो. पूनम शर्मा के नेतृत्व में हिलदारी परियोजना के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर रके एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों ने वीरवार को अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के अवसर पर सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के तहत सूखा और प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा ने बताया कि इस वर्ष की थीम "ग्लेशियर" थी, जो पहाड़ों और उनके बाहर पानी, भोजन एवं आजीविका के लिए महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य पिघलते ग्लेशियरों की रक्षा के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और अरबों लोगों की जल सुरक्षा, कृषि एवं जीवनयापन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है।

एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों ने लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा व प्रो. पूनम शर्मा के नेतृत्व में हिलदारी परियोजना के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया। विला कैमिलिया से होटल हाइलैंड तक चले इस अभियान के दौरान



लगभग 300 किलोग्राम सूखा प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों के पर्यावरण संवेदनशील योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्वत स्वच्छ पेयजल, जैव विविधता, औषधीय पौधों, भोजन एवं लकड़ी जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों के स्रोत हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन और अत्याधिक दोहन के कारण उनका अस्तित्व गंभीर खतरे में है। पर्वतों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

पंजाब केसरी : 13/12/2025

# प्रिया कुमारी ने जैवलिन थ्रो में जीता रजत



पालमपुरः प्राचार्य डॉक्टर पंकज सूद के साथ विजेता छात्रा। (भृगु)

पालमपुर, 12 दिसम्बर (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की छात्रा प्रिया कुमारी ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित वार्षिक अंतर महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश एथलैटिक्स मीट 2025 में जैवलिन थ्रो गतिविधि में द्वितीय स्थान लेकर रजत पदक प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने खेल प्राध्यापक डॉ. खुशीराम भगत और प्रिया कुमारी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। भविष्य में ऐसे ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। इस सफलता में खेल समिति की संयोजिका लैफ्टिनैंट रेनू डोगरा का सहयोग भी सराहनीय रहा। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉक्टर खुशी राम भगत ने खिलाड़ियों की तैयारी और अनुशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण :- 13/12/2025

# प्रिया ने भाला फेंक में जीता रजत पदक

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर: आठ से 10 दिसंबर को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित वार्षिक अंतर महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश एथलेटिक्स मीट 2025 में बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की छात्रा प्रिया कुमारी ने भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) में रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने खेल प्राध्यापक डा. खुशीराम भगत और प्रिया कुमारी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। खेल समिति की संयोजिका लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा का योगदान भी सराहनीय रहा। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डा. खुशी राम भगत ने खिलाड़ियों की तैयारी और अनुशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और छात्रा को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

Scanned with OKEN Scanner

412 दिव्य हिमाचल
18-12-2025

# रेंजर्स निपुण प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



पालमपुर। भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में महाविद्यालय की आठ रेंजर्स ने भाग लिया और परीक्षा उत्तीर्ण कर निपुण बैज अर्जित किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कैंप आयोजन विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व कौशल तथा समाज सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा साथ ही उन्हें जीवनभर के अनुभवों के लिए तैयार करते हैं। रेंजर लीडर प्रोफेसर किरण ने जानकारी देते हुए कहा कि यह एक दक्षता स्तर का प्रशिक्षण कैंप था, जिसमें रेंजर्स के लिए सर्वांगीण विकास हेतु व्यक्तित्व विकास, प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक जिम्मेदारी, अग्रणी, आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स, विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने और उनके उपयोग में महारत हासिल करना एजैसी गतिविधियां शामिल थीं। महाविद्यालय रोवर्स-रेंजर्स इकाई के लीडर प्रोफेसर किरण तथा डा. रविंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्राओं ने कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

413.. पंजाब केसरी
18/12/25

# बतरा महाविद्यालय के 8 रेंजर्स ने जीता निपुण बैज

पालमपुर, 17 दिसम्बर (भृगु): भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सैंटर रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टैस्टिंग कैंप में महाविद्यालय के 8 रेंजर्स ने भाग लिया और परीक्षा उत्तीर्ण कर निपुण बैज अर्जित किया। प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने कहा कि इस तरह के कैंप विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व कौशल तथा समाजसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

साथ ही उन्हें जीवनभर के अनुभवों के लिए तैयार करते हैं। रेंजर लीडर प्रो. किरण ने कहा कि यह एक दक्षता स्तर का प्रशिक्षण कैंप था, जिसमें रेंजर्स के लिए सर्वांगीण विकास हेतु, व्यक्तित्व विकास, प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक जिम्मेदारी, अग्रणी कौशल, आऊटडोर सर्वाइवल स्किल्स आदि गतिविधियां शामिल थीं।



पालमपुर : बतरा महाविद्यालय की रेंजर्स प्राचार्य के साथ। (भृगु)

classmate

PAGE

दैनिक जागरण :- 28/12/2025

## पालमपुर कालेज में एनएसएस शिविर आरंभ



एसडीएम पालमपुर को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित करते प्राध्यापक • सौ. कालेज

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आरंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव भोरिया ने शिविर के उद्देश्यों व सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने स्वयंसेवियों को शिविर के दौरान सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि उपमंडल अधिकारी पालमपुर नेत्रा मेती ने स्वयंसेवकों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया। (संस)

दिव्य हिमाचल :- 28/12/2025



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार के दिन राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025-26 के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि पालमपुर की एसडीएम नेत्रा मेती रहीं। इस कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राजीव भोरिया द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने इस शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रो. कल्पना, प्रो. अजय, प्रो.अनुपमा एवं प्रो..अनीता सरोच के साथ सभी प्राध्यापक गण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल :- 29/12/2025

## बतरा कालेज में इग्नू के शैक्षणिक लाभ पर बांटा ज्ञान

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 में रविवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित लगभग 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंडक्शन मीटिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली से परिचित कराना, असाइनमेंट तैयार करने की प्रक्रिया, परीक्षा की प्रभावी तैयारी के तरीकों तथा इग्नू के माध्यम से मिलने वाले शैक्षणिक लाभों की विस्तृत जानकारी देना था। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. दीप कुमार सहायक कर्मचारी अटेंडेंट तथा इग्नू अध्ययन केंद्र से जुड़े अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यक्रमों के काउंसलर भी बैठक में मौजूद।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

दैनिक जागरण : 29/12/2025

# बतरा कालेज में नवप्रवेशित विद्यार्थी किए जागरूक



कैप्टन विक्रम बतरा कालेज पालमपुर में इंडक्शन मीटिंग के बाद विद्यार्थी • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 में रविवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इंडक्शन मीटिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की शैक्षणिक प्रणाली से परिचित कराना, असाइनमेंट तैयार करने की प्रक्रिया, परीक्षा की प्रभावी तैयारी के तरीकों तथा इग्नू के माध्यम से मिलने वाले शैक्षणिक लाभों की विस्तृत जानकारी देना था।

इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. दीप कुमार, सहायक कर्मचारी, अटेंडेंट तथा इग्नू अध्ययन केंद्र से जुड़े अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विभिन्न पाठ्यक्रमों के काउंसलर भी बैठक में मौजूद रहे और उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान किया। समन्वयक डा. दीप कुमार ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय पर असाइनमेंट जमा करने तथा विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराई गई अध्ययन सामग्री का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इग्नू दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा को सुलभ बनाता है और यह कार्यरत एवं दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त मंच है। इंडक्शन मीटिंग का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई और बैठक को अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक बताया।

दैनिक जागरण : 30/12/2025

# पालमपुर कालेज में करियर की दी जानकारी



पालमपुर कालेज में व्याख्यान के दौरान उपस्थित स्टाफ के सदस्य • जागरण

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में सोमवार को करियर गाइडेंस काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से सी-डैक के सहयोग से "डिजिटल जागरूकता और भविष्य की तकनीकें" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। सी-डैक के क्षेत्रीय समन्वयक विनेश भूरिया ने छात्रों को एआइ, साइबर सुरक्षा और ड्रोन तकनीक जैसी उभरती तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों को सक्रिय रूप से ओरिएंटेड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रो. कल्पना ऋषि, डा. अनुपमा, डा. अनीता सरोच, डा. शैलजा वासुदेवा (संयोजक, करियर गाइडेंस काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल) डा. मीनाक्षी ठाकुर, डा. निशा चंदेल, प्रो. अतुल चौधरी (संयोजक सी-डैक), डा. दिवाकर, डा. खुशीराम, डा. तनवीर, प्रो. महक, प्रो. दिशा और कुलभूषण उपस्थित रहे। (सस)

Scanned with OKEN Scanner

419. दैनिक भास्कर !
30/12/2025

## बत्रा कॉलेज मे डिजिटल जागरुकता और भविष्य की तकनीक पर की चर्चा

पालमपुर | शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट द्वारा सी-डैक के सहयोग से \'डिजिटल जागरूकता और भविष्य की तकनीकें विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। विनेश भूरिया अधिकृत क्षेत्रीय समन्वयक (सी-डैक) रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने छात्रों को कृत्रिमबुद्धिमता, साइबर सुरक्षा और ड्रोन तकनीक जैसी उभरती तकनीक से अवगत कराया। साथ ही कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान छात्रों ने उत्साह पूर्वक प्रश्न पूछे। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने छात्रों को ओरिएंटेड पाठ्यक्रम में नामांकन करने के लिए प्रेरित किया।

420. हिमाचल दस्तक !
30/12/2025

## बतरा कॉलेज में डिजिटल जागरुकता पर व्याख्यान का आयोजन

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को करियर गाइडेंस काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट द्वारा सी-डैक के सहयोग से डिजिटल जागरुकता और भविष्य की तकनीकें विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों का करियर मार्गदर्शन करना और व्यापारिक कौशल प्रदान करना था। विनेश भूरिया अधिकृत क्षेत्रीय समन्वयक ( सी-डैक) रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को कृत्रिमबुद्धिमता, साइबर सुरक्षा और ड्रोन तकनीक जैसी उभरती तकनीकों से अवगत कराया। साथ ही कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों को सक्रिय रूप से ओरिएंटेड पाठ्यक्रम में नामांकन करने के लिए प्रेरित किया।

421. पंजाब केसरी !
31/12/2025

## तनाव प्रबंधन एवं अच्छे स्वास्थ्य में सहायक होता संतुलित भोजन



पालमपुर, 30 दिसम्बर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एन.एस.एस. विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता गतिविधियां संपन्न की गईं। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान से की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छता एवं स्वच्छ जीवन का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के पश्चात स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शिवानी गुलेरिया एम.ओ.आई.सी. यू.पी.एच.सी. बनूरी, महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुनीता, एनीमिया विशेषज्ञ आंचल कपूर तथा स्वास्थ्य परामर्शदाता संजीव उपस्थित रहे। डॉ. शिवानी गुलेरिया ने अपने व्याख्यान में संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संतुलित भोजन किस प्रकार तनाव प्रबंधन एवं अच्छे स्वास्थ्य में सहायक होता है। कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों प्रोफैसर पूनम शर्मा एवं प्रोफैसर राजीव भोरिया के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

422. दिव्य हिमाचल !
31/12/2025

## स्वयंसेवियों ने चकाचक कर दिया बतरा कालेज

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता गतिविधियां संपन्न की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान से की गई, जिसमें स्वयंसेवियों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छता एवं स्वच्छ जीवन का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के पश्चात स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. शिवानी गुलेरिया एमओआईसी यूपीएचसी बनूरी, महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुनीता, एनीमिया विशेषज्ञ आंचल कपूर तथा स्वास्थ्य परामर्शदाता संजीव उपस्थित रहे।

423. हिमाचल दस्तक !
31/12/2025

## एनएसएस शिविर से स्वच्छता का संदेश दिया



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता गतिविधियां संपन्न की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान से की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छता एवं स्वच्छ जीवन का संदेश दिया। अवसर पर डॉ. शिवानी गुलेरिया (एमओआईसी यूपीएचसी बनूरी), महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुनीता, एनीमिया विशेषज्ञ आंचल कपूर तथा स्वास्थ्य परामर्शदाता संजीव उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा दत्तक गांव निहंग टिक्का में जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों को चार समूहों में विभाजित किया गया, जिनमें प्रत्येक समूह में सात छात्र शामिल थे। रैली के दौरान ग्रामीणों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया तथा नशे के आदी व्यक्ति की पहचान एवं नशा करने वालों की सूचना मिलने पर उठाए जाने वाले कदमों के बारे में जानकारी दी गई।

424. दैनिक जागरण ! 31/12/2025

## टी फैक्टरी का किया औद्योगिक भ्रमण

पालमपुर : राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वाणिज्यविभाग में बीकाम अंतिम वर्ष के 40 छात्रों के लिए हिमालयन ब्रू टी फैक्टरी का औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। विभाग के प्राध्यापक डा. कमलेश राणा, प्रो. पूजा और प्रो. भवनिका के मार्गदर्शन में छात्रों ने फैक्टरी की मशीनरी और चाय प्रसंस्करण की तकनीक को देखा। छात्रों ने प्रोडक्शन और सप्लाई चेन मैनेजमेंट के व्यावहारिक गुर सीखे। स्नातक बैच के लिए यह शैक्षणिक एक्सपोजर प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। (संस)

classmate

Scanned with OKEN Scanner